भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3909

दिनांक 06.04.2022 को उत्तरार्थ

'स्वामित्व' योजना के तहत गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण

3909#. श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या **पंचायती राज मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व) योजना के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है और इस योजना के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है और इस योजना के अंतर्गत मानचित्रित गांवों और विशेष रूप से बिहार के संदर्भ में ग्रामीण इलाकों के मानचित्रण की स्थिति क्या है;

(ख) इस योजना के तहत अब तक स्थापित कंटीन्यूअस ऑपरेटिंग रेफरेंस सिस्टम (सीओआरएस) की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) बिहार के विशेष संदर्भ में कितनी समर्पित निधि का उपयोग किया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री
(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)

(क) केंद्रीय क्षेत्र की योजना "स्वामित्व" का उद्देश्य कानूनी स्वामित्व अधिकार (संपत्ति कार्ड/हक विलेख) जारी करने के साथ ग्रामीण बसे हुए क्षेत्रों (आबादी) में घर रखने वाले परिवारों के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करना है। इस योजना के तहत देश के सभी गांवों के ग्रामीण बसे हुए क्षेत्रों में भूखंडों/ लैंड पार्सलों का सर्वेक्षण किया जाता है। इसे पंचायती राज मंत्रालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग (एसओआई), राज्य राजस्व विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के सहयोगात्मक प्रयासों से लागू किया जा रहा है। राज्यों द्वारा योजना के कार्यान्वयन के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग (एसओआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है।

अब तक 29 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने भारतीय सर्वेक्षण विभाग (एसओआई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बिहार ने अभी तक भारतीय सर्वेक्षण (एसओआई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं इसलिएयह योजना अभी तक बिहार में शुरू नहीं हो पाई है। 31 मार्च, 2022 तक, इस योजना के कार्यान्वयन की स्थिति **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ख) इस योजना के तहत 567 कंटीन्यूअस ऑपरेटिंग रेफरेंस सिस्टम (सीओआरएस) केन्द्रों को स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। इसमें से 216 कोर्स केंद्रस्थापित किए जा चुके हैं। इस स्कीम के तहत कोर्स केन्द्रों का ब्यौरा **अनुबंध-II** में संलग्न है।

(ग) वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान स्वामित्व योजना हेतु 140 करोड़ रुपये आवंटित किए गए और उपयोग किए गए थे। क्योंकि बिहार ने अभी तक भारतीय सर्वेक्षण विभाग (एसओआई)के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं यह स्कीम अभी तक बिहार में शुरू नहीं हुई है।

***

अनुबंध -I

'स्वामित्व' योजना के तहत गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण के संबंध में दिनांक 06.04.2022 को राज्य सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3909 के भाग (क) के उत्तर के संदर्भित अनुबंध

दिनांक 31.03.2022 तक स्वामित्व योजना के कार्यान्वयन की स्थिति

क्र.सं	राज्य	उन गांवों की संख्या जहां ड्रोन उड़ान का कामपूरा कर लिया गया है
1.	आंध्र प्रदेश	1,752
2.	हरियाणा	6,247
3.	कर्नाटक	2,378
4.	मध्य प्रदेश	22,550
5.	महाराष्ट्र	16,119
6.	उत्तर प्रदेश	58,141
7.	उत्तराखंड	8,141
8.	पंजाब	711
9.	राजस्थान	1,784
10.	गुजरात	569
11.	छत्तीसगढ़	1,756
12.	जम्मू और कश्मीर	751
13.	अरुणाचल प्रदेश	145
14.	दादरा और नगर हवेली	77
15.	केरल	23
16.	झारखंड	240
17.	असम	40
18.	उड़ीसा	217
19.	हिमाचल प्रदेश	462
20.	मिजोरम	32
21.	त्रिपुरा	1
22.	लक्षद्वीप द्वीप	8
23.	लद्दाख	5
24.	सिक्किम	1
25.	पुदुचेरी	96
26.	तमिलनाडु	2
27.	गोवा	410
28.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	209
कुल		122,867

अनुबंध -II

'स्वामित्व' योजना के तहत गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण के संबंध में दिनांक 06.04.2022 को राज्य सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3909 के भाग (ख) के उत्तर के संदर्भित अनुबंध

स्वामित्व योजना के तहत दिनांक 31.03.2022 तक सीओआरएस स्थापना की स्थिति

क्र.सं	राज्य	स्थापित किए गए कॉर्स की संख्या	इंस्टालेशन की स्थिति
1.	अरुणाचल प्रदेश	34	इंस्टालेशन प्रगति पर है
2.	असम	34	इंस्टालेशन प्रगति पर है
3.	छत्तीसगढ़	32	इंस्टालेशन प्रगति पर है
4.	गुजरात	55	इंस्टालेशन प्रगति पर है
5.	हरियाणा	19	इंस्टालेशन पूरा हो गयाहै
6.	जम्मू और कश्मीर	15	इंस्टालेशन प्रगति पर है
7.	केरल	28	इंस्टालेशन प्रगति पर है
8.	गोवा	3	इंस्टालेशन प्रगति पर है
9.	झारखंड	28	इंस्टालेशन प्रगति पर है
10.	लद्दाख	11	इंस्टालेशन प्रगति पर है
11.	लक्षद्वीप	5	इंस्टालेशन प्रगति पर है
12.	मध्य प्रदेश	90	इंस्टालेशन पूरा हो गयाहै
13.	मणिपुर	10	इंस्टालेशन प्रगति पर है
14.	मिजोरम	12	इंस्टालेशन प्रगति पर है
15.	ओडिसा	48	इंस्टालेशन प्रगति पर है
16.	पंजाब	16	इंस्टालेशन पूरा हो गयाहै
17.	राजस्थान	85	इंस्टालेशन पूरा हो गयाहै
18.	सिक्किम	4	इंस्टालेशन प्रगति पर है
19.	पश्चिम बंगाल	38	भारतीय सर्वेक्षण विभाग और पश्चिम बंगाल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होना बाकी है
	कुल	**567**	